
Dainik Jagran

# डा. राजेश के घर रात्रि भोज के लिए पत्नी के साथ पहुंचे सीएम

**संवाद सहयोगी, जागरण • कांगड़ा :** मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू बुधवार को हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डा. राजेश शर्मा के कांगड़ा स्थित आवास पर रात्रि भोज के लिए पहुंचे।

इस दौरान पारिवारिक व राजनीतिक मामलों पर चर्चा की गई। बातचीत के दौरान ठहाके भी खूब लगे। डा. राजेश शर्मा की मुख्यमंत्री से नजदीकियां बढ़ी हैं। सीएम ने उन्हें नूरपुर का विकास चर्चा प्रभारी भी बनाया है। पार्टी में भी डा. राजेश शर्मा को प्रमुखता दी जा रही है। मंगलवार को हिमाचल कांग्रेस में डा. राजेश शर्मा को अहम जिम्मेदारी देते हुए संगठन सृजन अभियान के तहत छह जिलों का दायित्व सौंपा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने पदभार संभालने के बाद बड़ी जिम्मेदारी डा. राजेश को सौंपी है। इसकी लोगों में काफी चर्चा है।





सुखविन्द्र सिंह सुक्खू, डा. राजेश शर्मा • जागरण आर्काइव

# शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉ. राजेश शर्मा को छह जिलों का दायित्व सौंपा

**धर्मशाला, (आपका फैसला)।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉ. राजेश शर्मा को कांग्रेस पार्टी ने बडी जिम्मेदारी देते हुए संगठन सृजन अभियान के तहत छह जिलों का दायित्व दिया है। बडी बात तो ये भी है कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने पदभार संभालने के बाद अगर कोई पहला कागज साइन किया है तो वह डॉ. राजेश के नाम का। इसी से डॉ. राजेश की पार्टी व सरकार में मजबूत पकड़ का पता चलता है। इस नए दायित्व तहत डॉ. राजेश को प्रदेश कांग्रेस ऑब्जर्वर के साथ कांगड़ा, चंबा, हमीरपुर, ऊना, बिलासपुर और मंडी जिलों में कोऑर्डिनेशन करना होगा। डॉ. राजेश शर्मा पार्टी को इन जिलों की रिपोर्ट सौंपेंगे। उसी के आधार पर जिला अध्यक्षों का चयन होना है। डॉ राजेश की इन दिनों सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू से नजदीकियां जगजाहिर है। कुछ रोज पहले डॉ. राजेश को सीएम सुक्खू ने नूरपुर का विकास चर्चा प्रभारी भी बनाया था। इसके तहत वह नूरपुर में सरकार व संगठन के बीच कड़ी का काम कर रहे हैं। अब डॉ राजेश को पार्टी ने छह जिलों का दायित्व सौंपकर उनके कद को और बढ़ा दिया है। डॉ. राजेश शर्मा इन दिनों पंडित जवाहरलाल नेहरू पर बनाई गई द विजनरी नाम की किताब को लेकर खासे चर्चा में हैं। डॉ. राजेश ने हाल ही में शिक्षा बोर्ड के माध्यम से पंडित जवाहर लाल नेहरू को लेकर द विजनरी नाम से एक किताब लांच की है। वह उस किताब को हर स्कूली छात्र तक पहुंचाना चाहते हैं। इस किताब को लेकर विपक्ष यानी बीजेपी ने सवाल भी खड़े किए हैं। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने इस किताब को लेकर कहा है कि डॉ. राजेश शर्मा इसके माध्यम से स्कूली शिक्षा का कांग्रेसीकरण करना चाहते है। इसके बाद डॉ. राजेश ने विपक्ष को बोर्ड कार्यालय आकर इस किताब को जानने का ऑफर भी दिया था। डॉ. राजेश का कहना है कि पंडित जवाहर लाल नेहरू अपने आप में एक संस्थान है बच्चों को पंडित नेहरू की फिलॉसफी बताना आज के युग में प्रासंगिक है। इसलिए ही स्कूल शिक्षा बोर्ड ने पंडित जवाहर लाल नेहरू को लेकर द विजनरी नाम से एक किताब निकाली है जिसका विमोचन बाल दिवस पर किया गया है। उन्होंने कहा कि इस किताब के माध्यम से वह बच्चों तक पंडित नेहरू के विजन को पहुंचाना चाहते हैं। डॉ राजेश ने जोर देकर कहा कि कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता होने के नाते व अब शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन होने के नाते मेरा दायित्व बनता है कि कांग्रेस की विचारधारा को एजुकेशन के माध्यम से बच्चों तक पहुंचाया जाए।

Apka Faisla

# HIMACHAL PRADESH BOARD OF SCHOOL EDUCATION, DHARAMSHALA-176213

## EXPRESSION OF INTEREST (EOI)

Expression of Interest is hereby invited from authorized Tally partners/dealers/distributors for the installation of **Tally software** in the Himachal Pradesh Board of School Education (HPBOSE) Dharamshala.

The detailed proposal must reach the office of the **Secretary, HPBOSE** on or before **26/12/2025 at 2:00 P.M.**

The prescribed bid formats, along with the terms and conditions. can he obtained from the office of the **Secretary, HPBOSE** on or before **24/12/2025** during office hours.

**SECRETARY**

Anant Gyan

# HIMACHAL PRADESH BOARD OF SCHOOL EDUCATION, DHARAMSHALA-176213

## EXPRESSION OF INTEREST (EOI)

Expression of Interest is hereby invited **from authorized Tally partners/dealers/distributors** for the installation of **Tally software** in the Himachal Pradesh Board of School Education (HPBOSE), Dharamshala.

The detailed proposal must reach the office of the Secretary, HPBOSE on or before **26/12/2025 at 2:00 P.M.**

The prescribed bid formats, along with the terms and conditions, can be obtained from the office of the Secretary, HPBOSE on or before 24/12/2025 during office hours.

**SECRETARY**

Divya Himachal

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार ने की पहली दो महत्त्वपूर्ण नियुक्तियां

**दिव्य हिमाचल ब्यूरो, धर्मशाला**

■ डा. राजेश शर्मा और देवेंद्र बुशहरी को छह-छह जिलों का काम



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विनय कुमार ने संगठन सृजन अभियान को आगे बढ़ाते हुए दो पहली व महत्त्वपूर्ण समन्वयकों की तत्काल प्रभाव से नियुक्ति की है। शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा और देवेंद्र बुशहरी की ये नियुक्तियां पीसीसी पर्यवेक्षकों के साथ समन्वय और संचार बनाए रखने के लिए की गई हैं। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, अध्यक्ष विनय कुमार ने अपनी पहली चिट्ठी में की गई नियुक्तियों से कई सियासी संदेश दिए हैं। इनमें डा. राजेश की नियुक्ति सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू समर्थक और दूसरी देवेंद्र बुशहरी की नियुक्ति वीरभद्र सिंह समर्थक के रूप में मानी जा रही है। कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार ने दोनों ही नेताओं को प्रदेश के 12 जिलों का प्रभार समान रूप से सौंपते हुए प्रत्येक को छह-छह जिलों के समन्वय की जिम्मेदारी दी है। शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा को कांगड़ा, चंबा, हमीरपुर, ऊना, बिलासपुर और मंडी जिलों की जिम्मेदारी मिली है। वहीं, देवेंद्र बुशहरी शिमला, सोलन, सिरमौर, कुल्लू, लाहुल-स्पीति और किन्नौर जिलों में समन्वय का कार्य देखेंगे। इन समन्वयकों की मुख्य जिम्मेदारी पीसीसी पर्यवेक्षकों के साथ घनिष्ठ समन्वय और संचार बनाए समन्वयकों को अपनी जिम्मेदारी पूरी करते हुए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष को एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी।